आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 14.12.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून के आईएमए में आयोजित पासिंग आउट परेड में अंतिम पग भरने के साथ ही भारतीय सेना को 456 नए सैन्य अधिकारी मिले।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।
- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने लोअर पीसीएस के 113 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए।
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–राज्य सरकार ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लगातार काम कर रही है और प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पासिंग आउट परेड

भारतीय सेना को आज 456 नए सैन्य अधिकारी मिले हैं। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आई.एम.ए.) में आयोजित पासिंग आउट परेड में इन अधिकारियों ने अंतिम कदम बढ़ाते हुए भारतीय सेना का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त किया। अनुशासन, समर्पण और गर्व का प्रतीक यह परेड दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित इस परेड की सलामी नेपाल के सेना प्रमुख, जनरल अशोक राज सिगडेल ने ली। इस अवसर पर जैंटलमैन कैडेट जतिन कुमार को प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस परेड में कुल 491 जैंटलमैन कैडेट्स ने पास आउट हुए, जिनमें 35 कैडेट्स मित्र राष्ट्रों से हैं। ऑर्डर ऑफ मेरिट में पहले स्थान पर रहे जैंटलमैन कैडेट प्रथम सिंह को स्वर्ण पदक, दूसरे स्थान पर रहे जतिन कुमार को रजत पदक और तीसरे स्थान पर रहे मयंक ध्यानी को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

यह सम्मेलन केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अनुसरण करने हेतु सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा।

इस सम्मेलन में मुख्य रूप से छह क्षेत्रों विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर कृषि, शहरी और नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा चार विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विकसित भारत के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास केंद्रों के रूप में शहरों का विकास, निवेश के लिए राज्यों में आर्थिक सुधार और मिशन कर्मयोगी के माध्यम से क्षमता निर्माण शामिल है।

लक्ष्य

केंद्र सरकार ने कहा है कि तपेदिक यानी टीबी को वर्ष 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य है और राष्ट्रीय रणनीतिक योजना लागू करने के बाद तपेदिक के मामलों में अत्यधिक कमी आई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में बताया कि भारत तपेदिक को समाप्त करने का लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 2030 से पांच वर्ष पहले हासिल कर लेगा।

सराहना

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत की गई प्रगति के लिए सराहा है। केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने देहरादून में मीडिया से बातचीत में कहा कि नेशनल आयुष मिशन का उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना है और इस दिशा में उत्तराखंड ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत देश भर में बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित दस हजार से अधिक कैंप आयोजित किए गए, जिसमें उत्तराखंड का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में नेशनल आयुष मिशन के तहत चार प्रमुख आयुष चिकित्सालयों की शुरुआत की गई है। ये चिकित्सालय जाखनीधार–टिहरी, हल्द्वानी, टनकपुर और कोटद्वार में निर्मित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, पथरी–हरिद्वार और भीमताल में दस बेड के दो आयुष चिकित्सालय भी बनाए जाएंगे।

धनराशि दोगुना

उत्तराखंड सरकार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है। अब स्वर्ण पदक विजेता को 12 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 8 लाख रुपये, और कांस्य पदक विजेता को 6 लाख रुपये मिलेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक अहम पहल है।

लोअर पीसीएस

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से सम्मिलित राज्य सिविल अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोअर पीसीएस) के 113 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें नायब तहसीलदार के 36, उप कारापाल के 14, पूर्ति निरीक्षक 36, विपणन निरीक्षक छह पद जारी किये गये हैं। साथ ही आबकारी निरीक्षक के पांच, श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पांच, खांडसारी निरीक्षक के तीन, ज्येष्ठ गन्ना विकार निरीक्षक का एक और, गन्ना विकास निरीक्षक के दो पदों पर भी आवेदन मांगे गए हैं। इन पदों के लिए चार जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदन में किसी भी त्रुटि के सुधार के लिए 10 जनवरी से 20 जनवरी तक संशोधन किया जा सकेगा।

सौर ऊर्जा उत्पादन

उत्तराखंड में वर्तमान में छह सौ मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार  ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लगातार काम कर रही है और प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर आज टिहरी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालयी छात्रों ने रैली निकालकर ऊर्जा संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। टीएचडीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एक गंभीर विषय है और आने वाले समय में ऊर्जा की और अधिक आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में नदियों में से विद्युत उत्पादन कर इसे उपयोग में लाने की आवश्यकता है।

## इलेक्ट्रिक वाहन

उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहनों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के चलते राज्य में खरीदे गए कुल वाहनों में चार दशमलव तीन–तीन प्रतिशत वाहन इलेक्ट्रिक हैं। कुल खरीदे वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के मामले में उत्तराखंड देश में सातवें स्थान पर हैं। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में भारी उद्योग एवं इस्पात राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने बताया कि देश में पिछले पांच सालों में खरीदे गए कुल वाहनों में तीन दशमलव तीन–आठ प्रतिशत वाहन इलेक्ट्रिक हैं। लिखित उत्तर में बताया गया है कि उत्तराखंड में वर्ष 2019 से अब तक अड़तालीस हजार पांच सौ से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए हैं।

## चयन

उत्त्तरकाशी जिले के नौगांव विकासखंड के सुनारा गांव के निवर्तमान प्रधान कुलदीप रावत को गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उनका चयन जल जीवन मिशन के तहत गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के तहत किए गए सराहनीय कार्यों के लिए किया गया है।

## साइबर थाना

राज्य में साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने हर जिले में साइबर थाना खोलने की योजना बनाई है। देहरादून स्थित उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक में साइबर अपराधों को रोकने और पुलिस बल को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया और पुलिस बल को साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई। इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र के नोडल अधिकारियों को साइबर अपराध रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी करने के निर्देश दिए गए।

## लोकार्पण और शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण के लिए बने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ग्राउंड कूड़े के प्रभावी निस्तारण में सहायक होगा, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता में सुधार आएगा और पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकेगा। इस दौरान डॉक्टर रावत ने नगर निगम, श्रीनगर बाजार के आंतरिक मार्गों के डामरीकरण के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।